# पैरासिटामोल फॉर्मूलेशन

drishtiias.com/hindi/printpdf/paracetamol-formulation

## प्रीलिम्स के लिये

पैरासिटामोल फॉर्मूलेशन

## मेन्स के लिये

पैरासिटामोल फॉर्मूलेशन से निर्मित औषधीय उत्पादों के निर्यात से संबंधित विषय

## चर्चा में क्यों?

केंद्र सरकार ने पैरासिटामॉल से बने योगों/फॉर्मूलेशन (औषधीय उत्पादों) के निर्यात की अनुमति दी है। हालाँकि पैरासिटामोल एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (Active Pharmaceutical Ingredients- APIs) के निर्यात पर प्रतिबंध जारी रहेगा।

## प्रमुख बिंदु

- **API किसी भी दवा का वह भाग होता है जो वांछित चिकित्सीय प्रभाव हेतु उत्तरदायी होता है।**
- पैरासिटामोल एवं इसके फॉर्मूलेशन उन 13 APIs और उनके योगों में से हैं, जिन्हें विदेश व्यापार महानिदेशालय (Directorate General of Foreign Trade-DGFT) द्वारा 3 मार्च, 2020 की अधिसूचना में शामिल किया गया था।

- किसी भी ITCHS (Indian Trade Clarification based on Harmonized System) कोड के तहत FDC (फिक्स्ड डोज़ कॉम्बिनेशन) सहित पैरासिटामोल से बने फॉर्मूलों को तत्काल प्रभाव से निर्यात के लिये उपलब्ध कराया गया है।.
    - **FDC:** एक ही खुराक में निहित दो या दो से अधिक औषधियाँ, जैसे कैप्सूल या टैबलेट।
      FDC HIV ड्रग का एक उदाहरण एट्रिप्ला/Atripla है, इसमें एफैविरेंज़ (Efavirenz), एमट्रिसिटाबिन (Emtricitabine) और टेनोफोविर डिसप्रॉक्सिल फ्यूमरेट (Tenofovir Disoproxil Fumarate) का एक संयोजन है।
    - ITCHS कोड को इंडियन ट्रेड क्लेरिफिकेशन (Indian Trade Clarification-ITC) के रूप में जाना जाता है, ये कोडिंग के हार्मोनाइज़्ड सिस्टम (HS) पर आधारित होते हैं।
      इन्हें भारत में आयात-निर्यात संबंधी मानकों के रूप में अपनाया गया था। भारतीय सीमा शुल्क विभाग राष्ट्रीय व्यापार आवश्यकताओं के अनुरूप आठ अंकों के ITC (HS) कोड का उपयोग करता है।
- पैरासिटामोल के योगों द्वारा निर्मित दवाओं के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य देशों में एंटीमलेरियल दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन (Hydroxychloroquine- HCQ) के शिपमेंट की अनुमति के बाद आया है।
- भारत की फार्मास्युटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (फार्मेक्ससिल) के अनुसार, केंद्र सरकार को पैरासिटामोल APIs का निर्यात भी फिर से शुरू करना चाहिये।
- फार्मेक्ससिल को वर्ष 2004 में भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया था, ताकि फार्मा निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके।

## पैरासिटामोल

- पैरासिटामोल विश्व स्तर पर बुखार के लिये इस्तेमाल होने वाली एक सामान्य दवा है।
- COVID-19 के प्रकोप के बाद से पैरासिटामोल की मांग में व्यापक रूप से वृद्धि हुई है।
- सूत्रों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर भारत, पैरासिटामोल के अग्रणी निर्माताओं में से एक है। भारत की अनुमानित उत्पादन क्षमता प्रति माह 5,000 टन की है।

## विदेश व्यापार महानिदेशालय

## (Directorate General of Foreign Trade- DGFT)

- DGFT केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (Ministry of Commerce and Industry) का एक संलग्न कार्यालय है।
- इसकी अध्यक्षता विदेश व्यापार महानिदेशक द्वारा की जाती है।
- DGFT का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। साथ ही देश के विभिन्न शहरों में इसके 38 क्षेत्रीय कार्यालय भी हैं। इसके अतिरिक्त DGFT का एक एक्सटेंशन काउंटर (Extension Counter) इंदौर में स्थित है।
- DGFT भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ विदेश व्यापार नीति तैयार करने और उसे लागू करने का कार्य करता है। DGFT निर्यातकों को अनुमति जारी करने तथा अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से इस संबंध में उनके दायित्त्वों की निगरानी का कार्य करता है।

## स्रोत: द हिंदू